भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2392**
**07अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए**

**इस्पात का आयात एवं निर्यात**

**2392 श्री मल्लिकार्जुन खरगे:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान देश में हुए इस्पात आयात की कुल मात्रा तथा मूल्य का देश-वार तथा श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) उसी अवधि के दौरान देश से हुए इस्पात निर्यात की कुल मात्रा तथा मूल्य का पीएसयू-वार (सेल, आरआईएनएल तथा अन्य सीपीएसई) तथा अन्य घरेलू उत्पादकों (निजी क्षेत्र) सहित वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने घरेलू इस्पात उत्पादन, क्षमता उपयोग तथा भारतीय उत्पादकों के बाजार हिस्से पर पड़ने वाले आयात प्रवृत्तियों के प्रभाव का विश्लेषण किया है; और
(घ) विशिष्ट देशों से बढ़ते आयात को देखते हुए घरेलू इस्पात विनिर्माताओं को सहयोग देने हेतु क्या उपाय किए गए हैं अथवा प्रस्तावित हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) और (ख): पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान भारत में आयातित और भारत से निर्यातित तैयार इस्पात की मात्रा और मूल्य का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार हैः-

| वर्ष | तैयार इस्पात का आयात | | तैयार इस्पात का निर्यात | |
|---|---|---|---|---|
| | मात्रा (एमटी में) | मूल्य (करोड़ रुपए) | मात्रा (एमटी में) | मूल्य (करोड़ रुपए) |
| 2021-22 | 4.67 | 46,298 | 13.49 | 99,452 |
| 2022-23 | 6.02 | 64,454 | 6.72 | 55,828 |
| 2023-24 | 8.32 | 68,193 | 7.49 | 59,157 |
| 2024-25 | 9.55 | 80,737 | 4.86 | 40,585 |
| 2025-26 | 6.52 | 61,407 | 6.60 | 48,585 |
| अप्रैल-जून 2026-27* | 2.06 | 20,215 | 1.59 | 12,475 |

*स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); एमटी = मिलियन टन; *अनंतिम*

जारी........2/-

भारत के इस्पात आयात का वर्ष-वार विवरण, जिसमें प्रमुख स्रोत देश और श्रेणियां शामिल हैं, **संलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग) और (घ): पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान भारत में कच्चे इस्पात का उत्पादन और क्षमता उपयोग का विवरण इस प्रकार हैं:-

| **वर्ष** | **क्रूड स्टील** | |
|---|---|---|
| | **उत्पादन (एमटी में)** | **क्षमता उपयोग (%)** |
| 2021-22 | 120.29 | 78 |
| 2022-23 | 127.20 | 79 |
| 2023-24 | 144.30 | 80 |
| 2024-25 | 152.18 | 76 |
| 2025-26 | 170.15 | 77 |
| अप्रैल-जून 2026-27* | 42.08 | 76 |
| स्रोत: जेपीसी; एमटी = मिलियन टन ;* अनंतिम | | |

इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार देश में इस्पात क्षेत्र के विकास के लिए एक अनुकूल नीतिगत वातावरण सृजित कर एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करती है। इस्पात कंपनियों द्वारा आयात और निर्यात के संबंध में निर्णय प्रौद्यो-वाणिज्यिक विश्लेषण और बाजार की गतिशीलता के आधार पर लिए जाते हैं।

सरकार ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं :-

i. सरकारी अधिप्राप्ति हेतु 'मेड इन इंडिया' इस्पात को बढ़ावा देने के लिए घरेलू स्तर पर विनिर्मित लौह एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति का कार्यान्वयन।
ii. देश के भीतर 'विशेष इस्पात' के विनिर्माण को बढ़ावा देने और पूंजीगत निवेश को आकर्षित करके आयात को कम करने के लिए विशेष इस्पात के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का कार्यान्वयन।
iii. इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू किया गया है, जिसके तहत उद्योग, प्रयोक्ताओं और बड़े पैमाने पर आम जनता को गुणवत्तायुक्त वाले इस्पात की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए घरेलू बाजार के साथ-साथ आयात में भी निम्नस्तर / दोषपूर्ण इस्पात उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है।
iv. केंद्रीय बजट 2026-27 में, घरेलू विनिर्माताओं को सहयोग देने और घरेलू इस्पात विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए : -

    क. फेरो-निकेल पर शून्य मूलभूत सीमा शुल्क (बीसीडी) यथावत रखा गया है।
    ख. फेरस स्क्रैप, मैग्नीशियम ऑक्साइड (एमजीओ) कोटेड कोल्ड रोल्ड स्टील कॉइल्स जिनका उपयोग कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरिएंटेड स्टील के विनिर्माण में किया जाता है और कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरिएटेड स्टील के विनिर्माण के लिए निर्दिष्ट वस्तुओं पर मूलभूत सीमा शुल्क छूट को दिनांक 31.03.2028 तक बढ़ा दिया गया है।

जारी...3/-

v. कुछ इस्पात उत्पादों जैसे सीमलेस ट्यूब, पाइप और लोहे के होलो प्रोफाईल, मिश्रधातु या गैर-मिश्रधातु इस्पात (कास्ट आयरन और स्टेनलेस स्टील के अतिरिक्त) (चीन पीआर से), इलेक्ट्रो-गैल्वेनाइज्ड स्टील (कोरिया आरपी, जापान, सिंगापुर से), स्टेनलेस-स्टील सीमलेस ट्यूब और पाइप (चीन पीआर से), वेल्डेड स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब (वियतनाम और थाईलैंड से), मिश्रधातु या गैर-मिश्रधातु इस्पात के हॉट रोल्ड फ्लैट उत्पाद (वियतनाम से), कोल्ड रोल्ड नॉन-ओरिएंटेड इलेक्ट्रिकल स्टील (चीन पीआर से) से संबंधित पाटन रोधी शुल्क (एडीडी) उपाय वर्तमान में लागू हैं।

vi. चीन और वियतनाम से आने वाले वेल्डेड स्टेनलेस स्टील पाइप्स और ट्यूब्स पर प्रतिकारी शुल्क (सीवीडी) लागू है।

vii. सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योग के हितों की रक्षा के लिए टैरिफ शीर्ष 7208, 7209, 7210, 7211, 7212, 7225 और 7226 के तहत आने वाली वस्तुओं पर तीन वर्ष की अवधि के लिए भारत में "गैर-मिश्रधातु और मिश्रधातु इस्पात फ्लैट उत्पादों" के आयात पर सुरक्षा शुल्क लगाया है।

*****

**संलग्नक-I**

तैयार इस्पात का देश-वार और श्रेणी-वार आयात

**तैयार इस्पात का देश-वार आयात**

मात्रा ('000 टन में), मूल्य (करोड़ रुपये में)

| देश | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25 | | 2025-26 | | अप्रैल-जून 2026-27* | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य |
| कोरिया | 2,009 | 15,904 | 2,228 | 18,564 | 2,670 | 18,597 | 2,810 | 18,608 | 2,307 | 17,384 | 600 | 4,532 |
| चीन | 833 | 9,295 | 1,407 | 16,554 | 2,687 | 22,992 | 2,531 | 22,385 | 1,534 | 13,875 | 661 | 5,586 |
| जापान | 664 | 6,408 | 841 | 9,762 | 1,274 | 11,210 | 2,018 | 15,214 | 1,316 | 11,745 | 336 | 3,105 |
| वियतनाम | 75 | 1,304 | 320 | 2,976 | 737 | 4,799 | 697 | 5,881 | 281 | 4,055 | 108 | 1,617 |
| रूस | 55 | 768 | 313 | 2,630 | 53 | 557 | 148 | 1,796 | 230 | 1,914 | 80 | 733 |
| ताइवान | 194 | 1,610 | 163 | 1,906 | 185 | 1,535 | 186 | 1,475 | 153 | 1,500 | 33 | 334 |
| जर्मनी | 151 | 1,512 | 112 | 1,683 | 80 | 1,199 | 183 | 2,579 | 108 | 1,783 | 14 | 350 |
| फ़्रांस | 58 | 622 | 77 | 1,076 | 15 | 243 | 126 | 1,622 | 101 | 1,455 | 33 | 455 |
| थाईलैंड | 25 | 285 | 53 | 520 | 58 | 464 | 146 | 1,045 | 101 | 946 | 37 | 303 |
| नेपाल | 9 | 68 | 59 | 458 | 120 | 907 | 126 | 865 | 52 | 357 | 8 | 69 |
| **अन्य** | **596** | **8,522** | **449** | **8,325** | **441** | **5,690** | **580** | **9,267** | **341** | **6,393** | **154** | **3,131** |
| **कुल** | **4,669** | **46,298** | **6,022** | **64,454** | **8,320** | **68,193** | **9,551** | **80,737** | **6,524** | **61,407** | **2,064** | **20,215** |

*स्रोत: जेपीसी; *अनंतिम।*

| तैयार इस्पात का श्रेणी-वार आयात | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मात्रा (000 टन में), मूल्य (करोड़ रुपये में) | | | | | | | | | | | | |
| श्रेणी | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25 | | 2025-26 | | अप्रैल'26-जून'26* | |
| | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य |
| बार्स और रॉड्स | 274 | 3,964 | 344 | 4,994 | 356 | 3,540 | 462 | 5,493 | 347 | 4,552 | 134 | 1,851 |
| सीआर कॉइल/शीट्स | 1,163 | 11,332 | 1,594 | 17,902 | 1,472 | 14,233 | 1,563 | 16,966 | 1,175 | 14,273 | 357 | 4,490 |
| इलेक्ट्रिक शीट्स | 430 | 5,171 | 264 | 5,932 | 329 | 5,380 | 490 | 6,721 | 492 | 6,907 | 128 | 1,568 |
| जीपी/जीसी शीट्स/कॉइल | 735 | 6,282 | 914 | 8,798 | 1,290 | 10,263 | 1,356 | 10,852 | 1,010 | 8,778 | 309 | 2,878 |
| एचआर कॉइल/स्ट्रिप | 1,274 | 11,054 | 2,109 | 16,030 | 3,631 | 22,905 | 3,962 | 25,465 | 2,313 | 14,460 | 780 | 5,755 |
| एचआर शीट्स | 10 | 118 | 11 | 181 | 20 | 201 | 13 | 188 | 8 | 135 | 3 | 45 |
| पाइप्स | 267 | 3,703 | 321 | 4,814 | 390 | 4,075 | 458 | 5,039 | 378 | 4,923 | 112 | 1,379 |
| प्लेट्स | 365 | 3,569 | 362 | 4,653 | 740 | 6,530 | 1,182 | 9,364 | 670 | 5,683 | 207 | 1,794 |
| रेलवे सामग्री | 68 | 581 | 76 | 893 | 76 | 950 | 31 | 349 | 100 | 1,405 | 27 | 357 |
| स्ट्रक्चरल्स | 17 | 143 | 12 | 123 | 7 | 46 | 24 | 221 | 15 | 162 | 4 | 57 |
| टिन फ्री स्टील | 12 | 73 | 3 | 34 | 2 | 13 | 1 | 7 | 1 | 6 | 1 | 5 |
| टिन प्लेट्स | 54 | 307 | 11 | 100 | 7 | 56 | 9 | 70 | 16 | 122 | 4 | 35 |
| टीएमबीपी | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| **कुल** | **4,669** | **46,298** | **6,022** | **64,454** | **8,320** | **68,193** | **9,551** | **80,737** | **6,524** | **61,407** | **2,064** | **20,215** |
| स्रोत: जेपीसी; *अनंतिम | | | | | | | | | | | | |

******